प्रादेशिक समाचार

दिनांक–06.08.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. **हजारीबाग के बरही में स्पंज आयरन प्लांट के चिमनी में हुआ विस्फोट, एक की मौत सात गंभीर रूप से घायल।**
2. **झारखंड हाई कोर्ट ने भाजपा विधायक जयप्रकाश पटेल के दल बदल मामले में नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी को जारी किया नोटिस, 28 अगस्त को होगी अगली सुनवाई।**
3. **पेरिस ओलंपिक के जेवलिन थ्रो में नीरज चोपड़ा ने फाइनल में किया क्वालिफाइ, महिला पहलवान विनेश फोगाट भी पहुंची सेमीफाइनल में।**
4. **मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटे के दौरान गढ़वा, पलामू और पश्चिमी सिंहभूम सहित चौदह जिलों में भारी बारिश की जारी की चेतावनी।**

****

हजारीबाग के बरही थाना क्षेत्र में रियाडा कंपनी के परिसर में संचालित स्पंज आयरन प्लांट के चिमनी में हुए ब्लास्ट में एक मजदूर की मौत हो गई .वही 7 मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों को हजारीबाग के एक निजी अस्पताल में भेजा गया.जहां से बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि फैक्ट्री के बॉयलर में ब्लास्ट होने से यह घटना घटी है। घटना उस वक्त घटी जब काफी संख्या में मजदूर फैक्ट्री में काम कर रहे थे।

****

झारखंड हाईकोर्ट ने दलबदल के मामले में जयप्रकाश भाई पटेल की विधानसभा सदस्यता रद्द करने के झारखंड विधानसभा अध्यक्ष के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर आज सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने विपक्ष के नेता अमर बाउरी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। कोर्ट ने सुनवाई करते हुए झारखंड विधानसभा अध्यक्ष को मामले में जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए जयप्रकाश भाई पटेल की सदस्यता रद्द करने संबंधी फाइल मांगा है। इससे पहले याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया कि उन्हें बिना सुने हुए और बिना अवसर प्रदान किए हुए झारखंड विधानसभा अध्यक्ष ने उनकी सदस्यता रद्द कर दी है।

****

शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम ने कहा है कि राज्य सरकार सहायक शिक्षकों को वेतनमान नहीं देगी। उन्होंने कहा कि सहायक शिक्षकों के प्रतिनिधियों के साथ उनकी वार्ता हुई है। उनकी दूसरी मांग

मानदेय वृद्धि पर चर्चा हुई है लेकिन इस पर कोई निष्कर्ष नहीं निकल सका है। इस पर राज्य सरकार विचार कर सकती है। बारह अगस्त को एक बार फिर उनके साथ बैठक होगी।

****

केंद्र सरकार ने कहा है कि साइबर अपराधों पर नकेल कसने के लिए देशभर में एक करोड़ 92 लाख सिम कार्ड ब्लॉक कर दिए गए हैं। राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि सरकार की साइबर धोखाधड़ी के खिलाफ कतई बर्दाश्त न करने की नीति है।

****

बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर चार में साइबर थाने का उद्घाटन बोकारो जोनल आईजी माइकल राज एस ने किया। आईजी माईकल राज एस ने कहा कि अब साइबर अपराध से पीड़ित जिले के लोग साइबर थाना में मामला दर्ज करा पाएंगे।

****

रामगढ़ के चितरपुर में एनसीपीसीआर की ओर से स्कूली बच्चों के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जेसीआरटी उपनिदेशक महीप सिंह ने कहा कि सभी विद्यालयों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि विद्यालय के बच्चे और शिक्षकों के अपने बच्चे भी साइबर बुलिंग का शिकार नहीं हो। साइबर बुलिंग के कारण बच्चे मानसिक रूप से परेशान हो जाते हैं और उनकी पढ़ाई बाधित होती है।

****

रांची पुलिस ने कांके थानाअंतर्गत चांदनी चौक पर हुई फायरिंग की घटना में शामिल एक अपराधकर्मी को गिरफ्तार कर लिया है। रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि गोलीकांड का खुलासा हो गया है।

****

पूर्वी सिंहभूम जिले में पुलिस ने छीनतई, रंगदारी और धमकी देकर बैंक अकाउंट में पैसा ट्रांसफर कराने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस मामले में कुल सात अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग ने बताया कि जिला पुलिस नशा, चोरी, डकैती आदि अपराध को रोकने के लिए लगातार अभियान चला रही है।

****

लातेहार जिला मुख्यालय में स्वच्छता एक्शन प्लान पर राज्यस्तरीय सेमिनार का आयोजन किया गया।

****

पेरिस ओलंपिक के जेवलिन थ्रो में नीरज चोपड़ा ने फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया है। नीरज ने अपना पहला थ्रो नवासी दशमलव तीन चार मीटर का फेका। यह उनका सीजन का बेस्ट थ्रो था। नीरज के प्रतिद्वंद्वी ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स ने अठासी दशमलव छह तीन मीटर और पाकिस्तान के अरशद नदीम ने छियासी दशमलव पांच नौ मीटर का थ्रो फेककर फाइनल के लिए क्वालिफाई किया। इधर भारत की महिला पहलवान विनेश फोगाट पचास केजी वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में यूक्रेन की ओकसाना लिवाच को हराया। विनेश का सेमीफाइनल मुकाबला आज रात दस बजकर पंद्रह मिनट पर होगा। वहीं हॉकी के पहले सेमीफाइनल में आज भारत का मुकाबला जर्मनी से होगा। यह मैच रात 10 बजकर तीस मीनट से शुरू होगा।

****

राजधानी रांची समेत राज्य के कई जिलों में हल्के और मध्यम दर्जे की बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटे के दौरान गढ़वा, पलामू, लातेहार, लोहरदगा, गुमला, खूंटी, सिमडेगा पश्चिमी सिंहभूम सहित चौदह जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इस दौरान वज्रपात और गर्जन होने की भी संभावना है। मौसम विभाग ने भारी बारिश वाले इलाकों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। राजधानी रांची और आस पास के इलाकों में कल भी हल्के और मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना जताई है।